## महत्वपूर्ण एवं खास

### दाल मिल में काम करते वक्त महिला बेल्ट में फंसी, इलाज के दौरान मौत

**» दाल मिल संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज**

**रायपुर (आरएनएस)।** दाल मिल में काम करने के दौरान बेल्ट में साड़ी फंस जाने से महिला मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो जाने की रिपोर्ट मोवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नहरपारा कांपा पंडरी निवासी गोदावरी वर्मा 35 वर्ष पति रामेश्वर वर्मा की गोपाल दाल मिल दलदल सिवनी पंडरी में काम करने के दौरान 30 जुलाई को दाल मिल के पट्टा की चपेट में आ जाने के चलते गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए उसे मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट पर दाल मिल संचालक के द्वारा काम कराने के दौरान दाल मिल में पट्टा के सामने कोई रोक अवरोध (छेका) नहीं लगाने व लापरवाहीपूर्वक काम कराने के चलते मृतक महिला की साड़ी दाल मिल के पट्टा में फंस जाने से वह हादसे की शिकार हो गई। जिसके चलते उसके सिर में गंभीर चोट आने पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो जाने पर पुलिस ने जांच के बाद दाल मिल संचालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए बगैर काम कराये जाने के जुर्म में अपराध दर्ज कर लिया है।

### जिस्मफरोशी के कारोबार में दलाल महिला सहित आठ महिला पकड़ाईं

**महासमुंद (आरएनएस)।** लंबे समय से तुमगांव में जिस्मफरोशी के कारोबार पर पुलिस लगाम लगाने में असफल रही है। मंगलवार दोपहर पुलिस ने यहां दबिश देकर एक महिला दलाल सहित आठ महिलाओं को गिरफ्तार कर उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मंगलवार दोपहर 40 वर्षीया महिला दलाल ननकी बाई उर्फ भूरी बाई के यहां छापा मारा जहां से कोलकाता बिलासपुर तिल्दा क्षेत्र की 7 महिलाएं पकड़ी गईं। इन पर धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी महिला दलाल को कई बार पुलिस ने गिरफ्त में लिया है इससे पहले पास्को एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है बावजूद जिस्मफरोशी का यह कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस के अनुसार यहां लंबे समय से जिस्मफरोशी के कारोबार की खबर मिल रही थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

### 21 हाथियों का दल ने जिलगा में किसानों की रौंदी फसल

**कोरबा (आरएनएस)।** वन मंडल कोरबा में हाथी समस्या हल होने का नाम नहीं ले रहा है। 21 हाथियों का दल कुदमुरा रेंज के जिलगा में 12 किसानों की फसल रौंद कर बीती रात पसरखेत रेंज पहुंच गया और राजाडाही में दो किसानों की फसल रौंद दी।
हाथियों के उत्पात से इन किसानों को 51 हजार 600 रूपए की चपत लगी है। हाथियों का यह दल कुदमुरा व पसरखेत रेंज में बना हुआ है और फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे ग्रामीण काफी चिंतित है। बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी से गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण सुरक्षा की लगातार गुहार लगा रहे है, लेकिन इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। हालांकि सरकार ने हाथी समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए लेमरू में हाथी अभ्यरण्य बनाने की घोषणा की है। लेकिन यह अभी केवल प्रस्ताव तक ही सीमित है। आगे की कार्रवाई होनी बाकी है। जब तक हाथी अभ्यारण्य नहीं बन जाता तब तक ग्रामीणों को समस्या से जूझना पड़ेगा। उधर 20 हाथियों का दल कटघोरा वन मंडल के पसान क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। हाथियों ने यहां फिर बड़ी संख्या में किसानों की लहलहाती फसलें रौंद दी।

# बस्तर में भाजपा का सूपड़ा साफ, 17853 मतों जीते कांग्रेस के राजमन

**» कुल छह प्रत्याशी आजमा रहे थे भाग्य » चुनाव से गायब रहा नक्सलवाद का मुद्दा » पहली बार बस्तर की 12 सीटें कांग्रेस की झोली में**

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की चित्रकोट सीट के लिए हुए उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी राजमन बेंजाम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के लच्छूराम कश्यप को 17853 मतों से पराजित कर दिया है। कांग्रेस के प्रत्याशी राजमन बेंजाम को 62050 वोट मिले, वहीं बीजेपी के लच्छूराम कश्यप को 44197 वोट प्राप्त हुए हैं। यहां कुछ छह प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे थे, जिनमें जनता कांग्रेस सहित बाकी चारों प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गयी है।



कांग्रेस की जीत के साथ ही बस्तर में भाजपा का अंतिम किला भी ढह गया है। दिसंबर 2018 में हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में बस्तर संभाग की 12 सीटों में से सिर्फ दंतेवाड़ा ही भाजपा जीत पाई थी, किंतु इस दफे यह सीट भी भाजपा के गढ़ में सेंध लगाते हुए कांग्रेस ने छीन ली। कांग्रेस ने अपनी चित्रकोट सीट पर आखिर झंडा गाड़ ही लिया। 2018 में कांग्रेस के दीपक बैज ने लच्छूराम कश्यप को ही हराया था, अब एक साल के भीतर हुए उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में कोई सहानुभूति नहीं दिखी और कांग्रेस फिर जीत गई। गौरतलब है कि कांग्रेस विधायक दीपक बैज के सांसद बनने के कारण चित्रकोट सीट खाली हुई है।


**चुनाव में गायब रहा नक्सलवाद का मुद्दा** - नक्सलगढ़ के चुनाव में नक्सलवाद मुद्दा नहीं था। दंतेवाड़ा के बाद दूसरी बार यह भी हुआ कि चुनाव में नक्सली हिंसा नहीं दिखी। यह भी चर्चा थी कि कांग्रेस अंदरूनी इलाकों तक जा पाई, जबकि भाजपा का प्रचार शहरी और कस्बाई इलाकों तक ही सीमित रहा।

**हर राऊंड में कांग्रेस को मिली बढ़त** - शहर हो या गांव सभी जगह कांग्रेस को बढ़त मिली। पहले चक्र से ही कांग्रेस बढ़त बनायी हुयी थी। 17 चक्रों में सिर्फ तेरहवें राऊंड में भाजपा प्रत्याशी 433 वोटों से आगे रहे।

**डाक मतों की गिनती से बढ़त बनाए रही कांग्रेस** - प्रातः साढ़े सात बजे स्ट्रांग रूम खोला गया। आठ बजे डाक मतपत्रों की गिनती से मतगणना शुरू हुयी। डाक मत पत्रों में कांग्रेस, भाजपा से 1039 वोटों से आगे रही। डाक मतपत्रों की गिनती के आधा घंटा बाद साढ़े आठ बजे से इव्हीएम के वोटों की गिनती शुरू हुयी। नौ बजे के करीब पहले चरण की मतगणना पूरी हो चुकी थी और कांग्रेस ने पहले चरण से ही बढ़त हासिल कर ली थी। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच लगभग रुझान आ चुके थे, जिसमें कांग्रेस ने अप्रत्याशित बढ़त हासिल कर ली थी।

### मैत्रीबाग के उम्रदराज हिमालयन भालू की मौत

**भिलाई (आरएनएस)।** भिलाई के मैत्रीबाग स्थित चिड़िया घर में दसकों से लोगों का आकर्षण का रहे हिमालयन भालू की मौत हो गई। हालांकि यह भालू की मौत उसके उम्र के पड़ाव के चलते हुई है। बताया जाता है कि हिमालयन भालू नर की उम्र लगभग 40 वर्ष हो चुका था और उसका वजन करीब 200 किलो से अधिक था। प्रबंधन ने मृत भालू का अंतिम संस्कार कर दिया है। मैत्रीबाग प्रबंधन ने बताया कि वर्ष 1980 में नर और मादा का एक जोड़ा कोलकाता के एक सर्कस से लाया



गया था। साथ लाए गए मादा की उम्र भी लगभग 40 से अधिक हो चुकी है। पिछले वर्ष उसे लकवा भी हो चुका है जिसे डॉक्टरों की नियमित देखरेख में अभी भी रखा गया है। नर भालू के चले जाने के बाद अब मैत्रीबाग में सिर्फ एक मादा भालू ही बची हुई है।

### बिना परमिट वाले आटो वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी जिला यातायात समिति का निर्णय

**» ड्रायवर नशा में है तो ऐसे वाहनों में न बैठायें बच्चों को- अपील**

**बिलासपुर।** जिला यातायात समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि बिना परमिट वाले आटो शहर में चलने नहीं दिया जायेगा और ऐसे वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। समिति द्वारा पालकों से अपील की गयी कि वे नशा कर वाहन चलाने वाले ड्रायवरों के साथ अपने बच्चों को स्कूल न भेजे।

कलेक्टर डॉ.संजय अलंग की अध्यक्षता में मंथन सभाकक्ष में समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के प्रमुख पार्किंग स्थल लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान, मिशन स्कूल परिसर, सत्यम चौक में सुधार कार्य कराया जायेगा। यहां पार्किंग का बोर्ड लगाया जायेगा। निर्धारित पार्किंग स्थलो पर प्रकाश व्यवस्था, सूचनात्मक बोर्ड और समतलीकरण का कार्य किया जायेगा। मृत्युकारित सड़क दुर्घटना प्रकरण धारा 304-ए में पुलिस, लोक निर्माण विभाग एवं परिवहन विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से अनुसंधान करने का निर्णय लिया गया। सभी प्रमुख सड़कों के डिवाइडर के मध्य बने कट को बंद किये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग एवं नगर निगम को निर्देश दिया गया।



सुगम यातायात में बाधित चौक-चौराहे को छोटा करने या अन्यत्र शिफ्ट करने हेतु जिला प्रशासन एवं नगर पालिका निगम आपसी समन्वय से कार्यवाही करेंगे। मार्गों में लगे बिजली पोल एवं ट्रांसफार्मर को मार्ग के किनारे शिफ्ट करने सीएसईबी और नगर पालिका निगम द्वारा कार्यवाही की जायेगी। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं मार्गों में यलो लाईन, स्पाट लाईन और जेब्रा क्रासिंग बनाया जायेगा। मार्गों में विचरण करने वाले आवारा पशुओं पर कार्यवाही हेतु स्वयंसेवी संस्थाओं को जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया।

### मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट, राज्य के एक दर्जन जिलों में होगी बारिश

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ मौसम विभाग ने रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों के लिये येलो अलर्ट जारी किया है। आने वाले 48 घंटों में इन इलाको पर जोरदार वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक जिन जिलों के लिये येलों अलर्ट जारी किया गया हैं उनमें राजधानी रायपुर, बालोद, धमतरी, कांकेर, रायगढ़, बस्तर, सरगुजा, महासमुंद, राजनांदगांव, जांजगीर, गरियाबंद, बलरामपुर के नाम शामिल है। पिछले एक सप्ताह से प्रदेश के कई जिलों में रूक-रूक कर वर्षा हो रही है। जिसके चलते रात और दिन के तापमान में गिरावट आयी है। बारिश की वजह से प्रदेशवासियों को रात में ठंड का भी सामना करना पड़ रहा है।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium) में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़


SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
पीड़ित संपर्क करें
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session






Topper Students Last Session




Join CAREER...
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090